हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

13 संयुक्त वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक...



12 पाप का फल स्वयं, पुण्य का लाभ सबके लिए



बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के आवेदनों पर बैंकों में हो त्वरित कार्रवाई

## कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति हेतु बैंकर्स और वेंडर की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों, बैंकर्स एवं वेंडरों की बैठक लेकर जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंकों को प्राप्त आवेदनों में त्वरित कार्रवाई के लिये गूगल फॉर्म विकसित करने के निर्देश दिये, जिसमें प्रतिदिन की कार्रवाई एवं समस्या दर्ज करनी होगी।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि वेंडर द्वारा बैंकों में भेजे जाने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। यदि किसी आवेदन को निरस्त करना हो तो कारण सहित निरस्त किया जाए, लेकिन लंबित न रखा जाए। उन्होंने बैंकवार लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिन बैंकों में अधिक संख्या में आवेदन लंबित है, उन्हें जल्द निराकृत करने के निर्देश दिये। स्थिति तथा समस्याओं पर चर्चा कर निरकारण कराएं।

उन्होंने विभाग के कनिष्ठ अभियंताओं के लिये निर्धारित लक्ष्य में कमजोर प्रदर्शन वालों पर कड़ी निगरानी और कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये। बैठक में वेंडरों द्वारा अपनी समस्या रखे गए और कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किये। बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अब तक जिले को कुल 10136 आवेदन प्राप्त हुए हैं।




### धान बिक्री में छूटे किसानों की समस्याओं का हो समाधान

बलौदाबाजार। कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीयन एवं अन्य कारणों से जिनका टोकन नहीं कटा है, उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि पंजीकृत किसान जिन्होंने समस्या सम्बन्धित आवेदन दिया है, उनकी समस्या को समस्या का समाधान करने आवश्यक कदम उठाए और धान बेचने हेतु टोकन जारी करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप सभी पात्र किसानों धान खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक जारी सभी टोकन का भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से कराएं। बिचौलिए एवं चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी बनाए रखें। अब तक सख़्ती से कार्यवाही की गई है। इसी तरह उठाव में भी तेजी लाने की आवश्यकता है।

## स्पर्धा : मंत्री ने सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# युवा प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारें : राजस्व मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पं. चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत, लोकनृत्य एवं खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस आयोजन के माध्यम से विभाग ने बच्चों को एक ओपन मंच प्रदान किया। इससे उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि यह आयोजन हमारे जिले की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रतियोगिता में भाग अवश्य लेना चाहिए जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आ सकें। उन्होंने लोकगीतों के साथ हुई नृत्य की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों का यह जोश हमारी संस्कृति के उज्जवल भविष्य का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और मलखंभ के खिलाड़ियों को किट का वितरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चों में खेल विधाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। विशेष रूप से मलखंभ के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट और साहसिक प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया, जिन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मंत्री स्वयं उनके बीच पहुंचे और उनके साथ फोटो खिंचवाकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी युवा उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ी संस्कृति और खेल प्रतिभाओं का किया गया उत्साहवर्धन**

# आत्मानंद स्कूल में चाकूबाजी के बाद उपजा आक्रोश, पालकों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शिक्षा के मंदिर में अराजकता को लेकर पालक व शहर के गणमान्यजनों ने चिंता व्यक्त करते हुए स्कूलों में घटित घटनाओं पर लगाम लगाये जाने एसडीएम, पुलिस, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि विगत दिनों आत्मानंद विद्यालय में 10वीं कक्षा के छात्र के साथ प्राणघातक चाकूबाजी जैसी लोमहर्षक घटना हुई और कक्षा दसवीं का छात्र आज भी जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहा है, जो आईसीयू में भर्ती है।

जानकारी मिली है कि हमला करने वाला नवमीं का छात्र आदतन उपद्रवी है। इसके अलावा विद्यालय परिक्षेत्र के आसपास का माहौल भी ठीक नहीं है। एसडीएम श्यामा पटेल ने कहा स्कूल प्रबंधन की बैठक कर दिशा निर्देश जारी किया जायेगा। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी तारेश साहू ने कहा कि स्कूल सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखे जाने जल्द शहर के सभी स्कूलों के सभी प्राचार्यों की बैठक कर आगे की रुपरेखा पर चर्चा की जायेगी। विकासखण्ड शिक्षाधिकारी ने भी उक्त घटनाक्रम को गम्भीरता से लेने कि बात कही, ताकि इस तरह के खून खराबे की घटना स्कूलों में ना दोहरायी जा सके। अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाने वालों में मुकेश शर्मा, बृजेश मिश्रा, अधिवक्ता शंकरलाल सोनी, डॉ. वाय पी सोनी, श्याम पुरोहित, ललित तिवाड़ी, मोनू मानिक प्रसाद दुबे, अनिल ओझा, गिरधर गोपाल शर्मा आदि शामिल थे।

# किसानों की मांगों को लेकर आप का प्रदेशव्यापी धरना



**बलौदाबाजार।** किसानों की समस्याओं और धान खरीदी में कथित अनियमितताओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिला मुख्यालय के गार्डन चौक में प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने राज्य सरकार पर किसानों की अनदेखी और धान खरीदी प्रक्रिया में विफलता का आरोप लगाया।

जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया ने कहा कि सरकार द्वारा धान खरीदी समय पर शुरू नहीं की गई और निर्धारित अवधि से पहले बंद करने की तैयारी की जा रही है, जिससे हजारों किसान अपनी फसल बेचने से वंचित रह गए हैं। जिला संगठन मंत्री दिलीप फेकर ने धान खरीदी की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि टोकन व्यवस्था, रकबा समर्पण और भौतिक सत्यापन जैसी प्रक्रियाओं से किसानों को परेशान किया जा रहा है।धरना स्थल पर नेताओं ने ▶▶ शेष पेज 13 पर

## श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण कराना अनिवार्य

**बलौदाबाजार।** श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे श्रमिक 5 वर्ष पश्चात श्रमिक पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें नवीनीकरण कराना होगा।श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ऐसे पंजीयन जिनकी वैधता समाप्ति हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे पंजीयनों को निष्क्रिय पंजीयन की श्रेणी में रखा जाना है। इसके पश्चात के शासन के योजनाओं का लाभ नहीं ले सकते। वर्तमान में जिले में कुल 114108 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया है, जिसमें से 44734 श्रमिकों का पंजीयन की वैधता समाप्त हो चुकी है। उपरोक्त श्रमिकों द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। नवीनीकरण हेतु प्रत्येक जनपद पंचायतों में स्थित श्रम संसाधन केन्द्रों, विभाग के वेबसाईट श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर तथा च्वॉईस सेन्टर के माध्यम से पंजीयन नवीनीकरण के आवश्यक दस्तावेज 90 दिन कार्य करने का घोषणा पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाईल नंबर के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# 1.30 लाख की शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर पुलिस द्वारा अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत खरोरा थाना पुलिस और साइबर क्राइम यूनिट ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सारागांव में भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 30 हजार रुपये से अधिक का मशरूका बरामद किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सारागांव निवासी हालेश्वर साहू और चन्द्रशेखर साहू अपने चाचा मोहन साहू के ब्यारा (बाड़े) में बड़ी मात्रा में शराब छिपाकर बेच रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद थाना प्रभारी के.के. कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापा मारा।

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में देसी और अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से लगभग 181.440 लीटर देसी मसाला शोले, शेरा और गोवा स्पेशल अंग्रेजी व्हिस्की के कुल 900 से अधिक पौवे जब्त किए, जिसकी कीमत लगभग 1,11,360 रुपये आंकी गई। वहीं बिक्री की नगद राशि 19,100 रुपये जब्त की गई। कुल 1,30,460 रुपये का सामान पकड़ा गया।



### स्कूटी से होती थी सप्लाई, मुख्य सप्लायर का खुलासा

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि खरोरा निवासी अजय श्रीवर स्कूटी के माध्यम से यह शराब वहां लाकर छोड़ता था, जिसे वे आगे बेचते थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी को भी जब्त कर लिया है।


### न्यायिक रिमांड पर भेजे गए आरोपी

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। वैध दस्तावेज पेश न करने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अब मुख्य सप्लायर की तलाश में जुटी है।

## 5 जनवरी के आदेश को निरस्त करते हुए आदेश की कॉपी सोशल मीडिया में पोस्ट की

# मकान नंबर प्लेट लगाने के नाम पर 50 रुपए शुल्क का आदेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी


कार्यालय, जनपद पंचायत पलारी, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)
// ज्ञाप //
पलारी दिनांक 27.01.2026




समाचार पत्र में शासन की योजनाओं से वंचित हो जाने का भय दिखाकर मकान नंबर अल्युमिनियम का प्लेट लगाने के नाम पर 50 रुपए की वसूली की जा रही थी, जो अवैध था 29 जनवरी को प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित होने के बाद जनपद सीईओ ने 5 जनवरी के आदेश को निरस्त करते हुए 29 जनवरी को ही आदेश की कॉपी सोशल मीडिया में पोस्ट की है। हालांकि आदेश निरस्त करने का तारीख 27 जनवरी लिखी हुई है, जो हास्यपद है, जबकि 28 जनवरी शाम तक गांव में 50 रुपये शुल्क के साथ मकान नंबर प्लेट लगाने संबंधी कोटवार द्वारा मुनादी कराई जा रही थी। कई गांव में यह कार्य प्रारंभ भी हो गया है, जैसे ही इसकी जानकारी संवाददाता को हुई तब सीईओ से संपर्क इस संबंध की जानकारी लेनी चाहिए तो उन्होंने किसी भी तरह से निरस्त होने की जानकारी नहीं दी।

जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ने कहा कि ग्रामीणों से अवैध वसूली की शिकायत की तो उन्होंने कुछ नहीं बताया।

जबकि अपर कलेक्टर के ज्ञापन में 1066 एवं 1067 में चिन्ह अंकित किया गया है कि आवेदक भारतीय जन कल्याण फाउंडेशन विष्णुपुर आश्रम रोड झुमरी तलैया वार्ड नंबर 01 थाना तिलैया जिला कोडरमा झारखंड को पत्र दिनांक 24 दिसंबर 2025 को ग्रामीण क्षेत्रों में संपूर्ण स्वच्छता अभियान, स्वच्छ आयुष्मान भारत के प्रचार प्रसार के साथ सुरक्षित स्थाई मतलब स्वयं का मकान मालिक द्वारा मकान प्लेट लगाने के संबंध में जानकारी किया है, जो मकान मालिक के अनुमति के बीना नहीं लगा सकते थे और नहीं 50 ले सकते हैं, लेकिन इनके द्वारा राशन कार्ड का भय दिखाकर ग्रामीणों से पैसा वसूला जा रहा था, जिससे ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा था। साथ ही इस मामले में संज्ञान लेते हुए जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ने कहा कि ऐसे मामलों पर कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना जन-जन तक पहुंचे ऐसी सरकार की मंशा है, इसमें भी कोई कोई बाहर राज्य का व्यक्ति भय दिखाकर पैसा वसूली करता है, तो उस पर कठोर कार्रवाई हो।

# सरपंच संघ ने पंचायतों को 15वें वित्त की राशि जारी करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सरपंच संघ सिमगा के अध्यक्ष दिनेश चवरे ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अतुल शेटे को ज्ञापन सौंप कर मांग किया है कि विकासखंड सिमगा अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों को 15 वे वित्त आयोग की निर्धारित राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

इस कारण ग्राम पंचायतों में स्वीकृत विकास कार्य बाधित हो रहे हैं तथा पंचायतों को प्रशासनिक व आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अनेकों बार संबंधित विभाग को अवगत कराये जाने के बाद भी अभी तक राशि जारी नहीं की गयी है। जिससे सरपंचों में असंतोष की स्थिति निर्मित हो रही है। सरपंच संघ अध्यक्ष चवरे ने कहा कि यदि शीघ्र ही उक्त लंबित राशि को एक सप्ताह के भीतर जारी नहीं किया गया तो सरपंच संघ द्वारा विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान सिमगा ब्लाक के सभी सरपंच भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### दाल मिल में काम कर रही महिला की मौत

**भाटापारा।** बुधवार शाम 4 बजे के आसपास दाल मिल में काम कर रही एक महिला मजदूर की मिल के पट्टे में फंस जाने से मौत हो गई। घटना के संबंध में एसडीओपी तारेश साहू ने बताया दुर्गा पल्लेस दाल मिल में पंचशील नगर की निवासी संतोषी यादव पति धनराज यादव 40 साल मिल मे काम कर रही थी कि अचानक मिल के हापर पट्टा में महिला का गमछा जिसे वह मुंह में बांध कर रखी थी, वह पट्टे में फंस गया और गमछा महिला के गले में बुरी तरह से कस गया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। एसडीओपी तारेश साहू ने बताया मिल पंकज थारानी की है। घटना के बाद मौके पर पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की विवेचना कर रही है।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी का धरना प्रदर्शन आज

**सिमगा ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत 30 जनवरीको समय 11 बजे सिमगा पुराना बस स्टैंड कांग्रेस कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। आंदोलन में धान खरीदी की निर्धारित तिथि को बढ़ाए जाने की मांग को लेकर चक्का जाम का सांकेतिक कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा द्वारा किया जाना है। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने दी।

### हेल्थ डिपार्टमेंट गेम्स का शुभारंभ कल

खरोरा। आयुष्मान प्रीमियर लीग तिल्दा-खरोरा के अंतर्गत हेल्थ डिपार्टमेंट गेम्स 2026 का उद्घाटन 31 जनवरी को खरोरा में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता खेल स्वास्थ्य जीवन का आधार" थीम पर आधारित होगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा तथा अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल करेंगे। विशेष अतिथियों में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी शामिल रहेंगी। प्रतियोगिता 31 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होगी, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य खेल भावना को प्रोत्साहित करना एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### बंगोली में तीन दिवसीय कबीर पंथी मेला आज से

बंगोली। ग्राम बंगोली में श्री सद्गुरु कबीर धर्मदास साहेब वंश प्रणाली के चौथे वंशाचार्य पंथ प्रमोद गुरु बालापीर साहेब द्वारा प्रारंभ किये गये कबीर सत्संग समारोह कबीर पंथी माघी मेला का आयोजन अक्षुण्ण रुप से किया जा रहा है। इसी परंपरा में इस वर्ष भी पंथ श्री 108 हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब की दया से माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी दिनॉक 30 जनवरी से प्रारंभ होकर माघी पुन्नी मेला 1 फरवरी तक तीन दिवसीय सत्संग समारोह आयोजित किया गया हैं। माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 30 जनवरी कलश यात्रा ध्वजारोहण, निशान चढ़ाना संध्या पाठ चढ़ाना, माघ शुक्ल चतुर्दशी 31 जनवरी सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ, पूनो महात्म्य पाठ एवं भजन कीर्तन तथा 1 फरवरी को शिला स्रोत कुंड स्नान यात्रा, गुरु महिमा पाठ एवं भजन तथा सात्विक यज्ञ, चौका आरती, रात्रि में मनोरंजन हेतू 1 जनवरी रात्रि मे रंग सिंगार छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच ग्राम किरना द्वारा प्रस्तुति होगी ।

### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम लभराकला में महिला के साथ मारपीट के आरोप में उसके पति के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को डिगेश टंडन ने बताया कि 28 जनवरी को वह घर के सामने चबूतरे में बैठा था, तभी भतीजी पूर्वी टंडन आई और बताया कि पापा घर में मम्मी को जान से मारने की धमकी देते हुए लोढ़ा से मारपीट कर रहे है।

## खबर संक्षेप



### आयुष विभाग का पांच दिवसीय योग शिविर 31 तक

**बलौदाबाजार** । आयुष विभाग द्वारा 5 दिवसीय चिन्हांकित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में योग शिविर का आयोजन 27 से 31 जनवरी तक प्रातः 7 से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर शासकीय आयुर्वेद औषधालय खम्हरिया द्वारा ग्राम चिचोली एवं गातापार, सिरियाडीह द्वारा ग्राम सेमरिया एवं अमलीडीह, डमरू द्वारा ग्राम खरचा एवं नयापारा, मोहरा द्वारा ग्राम बरडीह एवं हिरमी, दामाखेड़ा द्वारा ग्राम किरवई एवं धोबनी, रावन द्वारा ग्राम रवेली एवं झीपन, दतरेंगी द्वारा ग्राम सेमरिया एवं ओड़ान, देवसुन्द्रा द्वारा ग्राम खपरी एवं गाड़ाभाठा, कसडोल द्वारा ग्राम कोसमसरा एवं सेमरिया, .रिकोकला द्वारा रिकोकला एवं रिकोखुर्द, परसाडीह द्वारा ग्राम कैथा एवं मड़कड़ी, टुण्डरा द्वारा ग्राम खपराडीह एवं नरधा, निपनिया के द्वारा ग्राम सेम्हराडीह एवं निपनिया, सलिहा के द्वारा प्रतापगढ़ एवं डीपाडीह में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं।

### हेल्थ डिपार्टमेंट गेम्स का शुभारंभ 31 को

**खरोरा**। आयुष्मान प्रीमियर लीग तिल्दा के अंतर्गत हेल्थ डिपार्टमेंट गेम्स 2026 का शुभारंभ 31 जनवरी को खरोरा में किया जाएगा। प्रतियोगिता खेल स्वास्थ्य जीवन का आधार थीम पर आयोजित होगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक धरसींवा अनुज शर्मा होंगे, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। यह खेल आयोजन 31 जनवरी से 1 फरवरी तक नया थाना के सामने आयोजित होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों में खेल भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

### नगर के चौक-चौराह पर फहराया गया तिरंगा



**सिमगा**। नगर एवं ग्रामीण अंचल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय कार्यालयों, स्कूलों एवं चौक-चौराहों पर ध्वजारोहण किया गया। प्रातः स्कूली बच्चों ने तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली। जय स्तंभ चौक व गांधी मैदान में नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इससे पूर्व शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बच्चों ने देशभक्ति सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। रात्रि में तिल्दा मार्ग पर देशभक्ति आर्केस्ट्रा का आयोजन हुआ, जिसका नगरवासियों ने आनंद लिया।

### मुंडा सहित अंचल में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**मुंडा**। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मुंडा सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान शासकीय एवं गैर-शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों में ध्वजारोहण किया। पंचायत भवन, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्कूलों में प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। बरदा, पैंजनी, कोलिहा सहित अनेक गांवों में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा रहा।

# ब्लॉक की विभिन्न प्राथमिक शालाओं में उल्लास मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

राज्य साक्षरता मिशन रायपुर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार व जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में विकासखंड बिलाईगढ़ के विभिन्न स्कूलों में उल्लास मेला का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। निरीक्षण कर्ताओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उल्लास मेला नवसाक्षरों को शिक्षा से जोड़ने का एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने इस अभिनव प्रयास के लिए उल्लास मेले में सम्मिलित प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। वहीं नोडल कुर्रे ने नवसाक्षरों प्रेरकों और सम्मिलित नागरिकों के प्रति आभार भी जताया। वहीं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ सत्यनारायण साहू ने सभी को निरंतर शिक्षा से जुड़े रहने का आह्वान भी किया और प्रेरकों को उनके आगामी दायित्व का भली भांति निर्वहन करने के लिए आग्रह भी किया।इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश भोई, दिव्य प्रकाश सोनी, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल संजीव राजेत्री विकासखंड बिलाईगढ़ के प्रधान पाठकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में अभिभावक छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता निभाई।

### मेले में नवसाक्षरों ने लगाये विभिन्न स्टाल






#### 13 स्टॉल लगाए गए

शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और नवसाक्षरों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में नवसाक्षरों द्वारा स्वयं विभिन्न स्टाल लगाए गए। जो आकर्षण के केंद्र रहे इनस्टाल के सफल संचालन में प्रेरकों और विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई मेले के आयोजन में प्रत्येक स्टाल में कुल 13 स्टॉल लगाए गए थे।जो मुख्य रूप से उपभोक्ता अधिकार जीवन कौशल भाषा एवं गणितीय अवधारणा पर आधारित थे। विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय बिलाईगढ़ से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू एवं बी आर सी सी एफ एस नेताम विकासखंड नोडल उल्लास कार्यक्रम जय प्रकाश कुर्रे ने मेले का निरीक्षण किया।

### महिला रामायण मंडली ने शिव महापुराण में शिव पार्वती विवाह और भीष्म पितामह की कथा सुनाई

# पाप का फल स्वयं, पुण्य का लाभ सबके लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा



पाप कर्म के परिणाम स्वयं को भुगतने पड़ते हैं, किंतु पुण्य कर्म आपस में बांटे जा सकते हैं। अभिनंदन प्रणाम करने से चार चीजें मुफ्त में मिल जाती है। आयु विद्या बल और धन साथ ही दशा दिशा दोनों बदल जाती है। हथबंद में महिला रामायण मंडली द्वारा आयोजित शिव महापुराण के चतुर्थ एवं पंचम दिवस शिव पार्वती विवाह से पूर्व भगवताचार्य तानेंद्र कृष्ण ने भीष्म पितामह की कथा का वर्णन किया। साथ ही राजा हरिश्चंद्र की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि समय परिवर्तनशील है। सेकंड मिनट घंटा दिन रात सप्ताह माह वर्ष कल्प सदा गतिशील रहते हैं। प्रत्येक जीव द्वारा अनेक कर्म काण्ड किया जाता है, जिसमें पुण्य तथा पाप दोनों ही कर्म शामिल हैं। पाप कर्म के परिणाम स्वयं को भुगतने पड़ते हैं, किंतु पुण्य कर्म आपस में बांटे जा सकते हैं। शिव पार्वती प्रसंग पर व्याख्या करते हुए कहा कि माता पार्वती को भगवान शिव के स्वभाव से प्रेम था। शिव की जटा से प्रवाहित गंगा भक्ति का प्रतीक है। चंद्रमा शीतलता का प्रतीक, गले में सर्प काल का, डमरू ज्ञान का, कमर में बाघंबर ब्रह्मचर्य का प्रतीक है शिव पार्वती विवाह में सृष्टि के सभी जीव जंतु देव दानव किन्नर मानव भूत प्रेत आदि बाराती बनकर शामिल हुए भगवान शिव को भस्म अति प्रिय है चराचर जगत में सबकुछ भस्म हो जाएगा इसलिए शिव श्मशान वासी हैं बैरागी हैं।

#### रुद्राभिषेक और पूर्णाहुति के साथ श्री शिव महापुराण कथा का समापन



**रिसदा**। ग्राम पंचायत रिसदा में समस्त महिला समूह एवं सेवा समिति व ग्राम वासियों के सहयोग से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथा 19 जनवरी से प्रारंभ होकर 27 जनवरी को रुद्राभिषेक, बेलपत्र वर्षा, यज्ञ पूर्णाहुति के साथ कथा संपन्न हुआ। श्री शिव महापुराण कथा में कथावाचक रामखिलावन शर्मा द्वारा अपने श्रीमुख से भगवान शंकर की पार्थिव पूजन महिमा विदेश्वर संहिता, रूद्र संहिता, नारद मोह, दक्ष तप, शिव विवाह, गणेश, कार्तिकेय, तारकासुर प्रसंग, वराह, नरसिंह अवतार कथा, नंदीश्वर, कीरत अवतार, ज्योतिर्लिंग महिमा, शिव पूजन और पंचाक्षर की महिमा कथा का रसपान कराया गया। कार्यक्रम की अंतिम दिन ग्राम रिसदा के पूर्व सरपंच जितेंद्र खुटे, पूर्व उप सरपंच परेश वैष्णव, वर्तमान पंच शेर सिंह डहरिया, जगदीश साहू, रितेश साहू, मनोज ध्रुव,चमेली साहू, अंजू शर्मा,रुक्मणि ध्रुव, कुमारी बाई ध्रुव, जामुन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



#### नवधा रामायण में बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या

**मुंडा**। ग्राम पंचायत कोलिहा में इस वर्ष भी गुड्डी चौक में 23 जनवरी से अखंड नवधा रामायण जारी है जो 1 फरवरी तक चलेगी। इसमें आसपास गांवों मुंडा, सर्वाडीह, चिरपोटा के लोग पहुंच रहे हैं। इससे गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। आयोजक समिति द्वारा प्रत्येक मानस मंडली को 401 रुपया श्रद्धा सुमन राशि दी जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीराम वर्मा, उपाध्यक्ष सुधा राम वर्मा, सचिव ईश्वर प्रसाद वर्मा, संचालक योगेश कुमार वर्मा, तोस कुमार वर्मा, हेमलाल वर्मा ने आसपास के लोगों व ग्रामवासियों को अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

# नपा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने ध्वजारोहण कर नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत के संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीर क्रांतिकारियों व अमर शहीदों को स्मरण किया। ध्वजारोहण पूर्व भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने भी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अध्यक्ष अशोक जैन एवं उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले का अभिनंदन किया तथा अतिथियों का स्वागत किया।

#### रिसदा में गणतंत्र दिवस मना

**रिसदा**। ग्राम पंचायत रिसदा के हायर सेकंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही स्कूली बच्चों एवं टीचर स्कूल पहुंचे हुए थे और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी स्कूल पहुंच कर साज सज्जा की तैयारी पूर्ण कर लिए थे। कार्यक्रम में ग्राम रिसदा के पूर्व सरपंच जितेंद्र खुटे द्वारा भारत माता, सरस्वती माता, सुभाष चंद्र बोस एवं महात्मा गांधी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना किये तत्पश्चात ध्वजारोहण किये। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक प्रीतम वर्मा, गणमान्य नागरिक, विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पार्वती वर्मा, शिक्षकगण अनिल बंजारे, दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, भावेश सेन, नंदकुमार मल्होत्रा, परस साहू, सनत खरे, भारती ऊके, अर्चना वर्मा, प्रार्थना महोबिया, प्रीति जलहरे, विद्या साव सहित कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# प्राथमिक शाला चौरेंगा में उल्लास मेला लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड सिमगा के प्राथमिक शाला चौरेंगा में नवसाक्षरों के लिए उल्लास मेला का आयोजन किया गया। ग्राम प्रभारी प्रधान पाठक मनीराम साहू ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इसके लिए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का चयन किया गया था। इस मेले का प्रमुख आकर्षण लगाए गए विभिन्न स्टॉल थे। जिसमें रिंग फेकना, ऊंगली दौड़, पहचानो कौन, जोड़ मशीन, आओ घटाएं, मेरी घड़ी तुम्हारा समय आदि प्रमुख थे। इस मेले को आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य नवीन विषय वस्तु से परिचित कराना, सीखी हुई अवधारणाओं का अभ्यास कराना तथा नवसाक्षरों आकलन करना है। जिससे यह पता चलता है कि नवसाक्षर जन व्यवहारिक जीवन में कौशलों को प्राप्त कर पाए हैं या नही। इस मेले 15 नवसाक्षरों सहित ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, पंच, शिक्षक गण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# खरोरा में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनसंवाद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा





स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के तत्वावधान में नया बस स्टैंड रायपुर रोड स्थित विधायक भवन, नगर पंचायत खरोरा में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनसंवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता जागरूकता रैली से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में मितानिन सदस्यों ने सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य शासकीय सेवाओं पर सामुदायिक निगरानी को सशक्त करना, ग्रामीण नागरिकों को समस्याएं रखने का मंच देना तथा स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण से जुड़ी चुनौतियों पर संवाद स्थापित करना रहा। जनसंवाद में आंगनबाड़ी, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान कुल 332 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक 250 आवेदन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, डॉ. गुलाबसिंह टिकरिया सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। मितानिन समन्वयकों एवं बड़ी संख्या में मितानिन सदस्यों की सहभागिता रही।

# रावन में चार को होगा विराट हिंदू सम्मेलन, तैयारी को लेकर बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

सर्व हिंदू समाज रावन मंडल के तत्वावधान में ग्राम रावन के गांधी चौक में 4 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सिमगा खंड के संघ सह चालक अरुण ने कहा कि यह सम्मेलन सभी वर्गों को साथ जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोगों को सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया। प्रदेश सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी भारती सिंह ने कहा कि आज हमें संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरण फैलाना अत्यंत आवश्यक है, तभी समाज सशक्त बन सकेगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अदिति बाघमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने का अवसर है। हम सभी को तन, मन और धन से इस आयोजन में सहयोग करना चाहिए ताकि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक और सफल बन सके।

#### सम्मेलन के माध्यम से समाज में संगठन, संस्कार और समर्पण की भावना को और मजबूत किया जाएगा

मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार ने कहा कि हिंदू समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इस सम्मेलन के माध्यम से समाज में संगठन, संस्कार और समर्पण की भावना को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने सभी से तैयारी में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक में जानकारी दी गई कि हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में टोपलाल वर्मा संघ सह संचालक एवं अनन्तेश्वरी भारती सिंह उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर हेमंत बाघमार, शेष नारायण वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, सियाराम, अनिल यादव, हिरवान साहू, दुर्गा वर्मा, सुनीता वर्मा, ईश्वरी वर्मा, आनंद साहू, भूषण बाघमार, नरेश धुरंधर, कलिराम वर्मा, मेघनाथ साहू, प्रेम नायक सहित भारी संख्या में हिंदू जन उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर विराट हिंदू सम्मेलन को भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया।

### हायर सेकंडरी गोंडा में कैरियर गाइडेंस का आयोजन हुआ

# बढ़व संगवारी संस्था द्वारा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी



विकासखण्ड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंडा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व बढव संगवारी संस्था द्वारा कैरियर मार्गदर्शन एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बढ़व संगवारी संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछड़े वर्ग के गरीब ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए निःशुल्क उच्च शिक्षा प्रदान करने अभियान चलाया जा रहा है। देश के प्रदेश शिक्षिका सावित्रीबाई फुले एवं छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा खूबचंद बघेल को आदर्श स्वरूप मानकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिक्षेत्र में शा उच्च माध्यमिक विद्यालय गोड़ा में प्रशिक्षक शिवकुमार वर्मा, डॉ. राधेश्याम बघेल सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं किरण बाला वर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य ने मार्गदर्शन दिए। बच्चों की अभिरुचि और परीक्षा की तैयारी कैसे करें भविष्य के लिए विषय चयन कैसे करें सहित आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं संस्था से जुड़कर अपनी भविष्य गढ़ सकते हैं। प्रशिक्षकों द्वारा मस्तिष्क परीक्षण कर रोचक जानकारियां दी गई। बच्चों ने काफी उत्साह के साथ कैरियर गाइडेंस में हिस्सा लिया।इस अवसर पर सरपंच उषा धीवर, मनवा कुर्मी समाज के राजप्रधान राम खिलावन वर्मा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, समाज सचिव ओमप्रकाश वर्मा, प्राचार्य डी के साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलेन्द्र साहू, शिक्षक मोहन बंजारे, पार्वती वर्मा, हेमलता वर्मा, वंदना गोस्वामी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

# किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**गोपालपुर**। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के धान खरीदी केंद्र में हो रही किसानों के साथ अन्याय व भ्रष्टाचार तथा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की जा रही किसानों के प्रति गलत रवैया के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता।

## खबर संक्षेप

### डोटोपार में आज से सात दिवसीय गुरु गद्दी पूजा और नमायन का शुभारंभ

**बलौदाबाजार**। ग्राम डोटोपार में सात दिवसीय गुरु गद्दी पूजा एवं नमायन समारोह समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 30 जनवरी से 5 फरवरी तक भव्य गुरु गद्दी पूजा एवं नमायन समारोह का आयोजन रखा गया है। इसमें गुरु गद्दी पूजा पं. लतेलूराम जलहरे द्वारा किया जायेगा। आयोजकों द्वारा प्रत्येक टोली को अपने साथ सज्जा के साथ आने व प्रत्येक टोली में 3 सदस्य होने का निर्देश दिये हैं तथा प्रत्येक टोली को 401 रुपए सांत्वना पुरस्कार राशि दी जायेगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरु घासीदास के इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

### गणतंत्र दिवस पर मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित





भवानीपुर। भवानीपुर क्षेत्र सहित आसपास के ग्राम पंचायतों व शासकीय संस्थानों में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर देशभक्ति गीतों से वातावरण को उल्लासमय बनाया। विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत खपरी (भ) में सरपंच दिनेश कुमार मारकंडे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों व विद्यार्थियों की बड़ी उपस्थिति रही।

## निधन

### दीपक तिवारी



बलौदाबाजार। स्थानीय निवासी दीपक तिवारी 33 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को बनारस में किया जाएगा। वे पं. द्वारिका प्रसाद तिवारी शास्त्री महाराज के सुपुत्र तथा ओंकार प्रसाद तिवारी, राधिका तिवारी, ललिता तिवारी एवं भारती तिवारी के भाई थे।

पेज 11 का शेष

### किसानों की मांगों ...

आरोप लगाया कि बीज, खाद और तकनीकी खामियों के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है, जबकि कर्ज के बोझ से किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं। पार्टी ने सरकार से जबरन रकबा समर्पण बंद करने, पारदर्शी टोकन व्यवस्था लागू करने और सभी किसानों की धान खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की। धरना प्रदर्शन में लोकसभा उपाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग, जिला पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राधा-माधव की भागवत कथा से गूंजा विश्राम वट देवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

विश्राम वट देवरी में मकर संक्रांति पर शुरू हुई भागवत महापुराण कथा का समापन हुआ। मान्यताओं के अनुसार रामायण काल में भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण ने वनवास के दौरान विश्राम वट में विश्राम किया था। वर्तमान में यहां हनुमान मंदिर स्थापित है, जो श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। गिधौरी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं. ओमप्रकाश शर्मा ने अपने मुखारविंद से राधा-माधव की श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण एवं संपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कथा के माध्यम से मानव जीवन में भक्ति, धर्म और सत्कर्म के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। कथा श्रवण हेतु गिधौरी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का पुण्य लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ किया। कथा व्यास पं. ओमप्रकाश शर्मा ने आयोजकों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से लगातार तीसरे वर्ष यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो क्षेत्र की धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### विश्राम वट में भागवत कथा का समापन







#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर चंद्रहास साहू, आनंद प्रधान, विनोद केशरवानी, राजा वर्मा, नटवर अग्रवाल, सूर्या वर्मा, सुखीराम वर्मा, अनिल गुप्ता, छेदी अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, उग्रेश्वर गोपाल केवट, विमल सारथी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आयोजन : वटगन कॉलेज हुआ वार्षिक खेल कूद

# खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नवीन महाविद्यालय वटगन में प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे एवं क्रीड़ा अधिकारी प्रवीण सिंह पैकरा सहायक प्राध्यापक के तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उमेश यदु अध्यक्ष जनभागीदारी समिति एवं विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी समिति के सदस्यगण टिकेश्वर साहू, नोहर लाल वर्मा, प्रमोद वर्मा, नाथू वर्मा, सरिता चंद्राकर, मदन साहू, प्रेमलाल वर्मा, गायत्री शर्मा, कुनाल सेन, सोमनाथ बंजारे, मनीष दीवान, परस साहू, चरण दास तेहरवंश, अनुसूइया मोकेश चंद्राकर के द्वारा सरस्वती माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर तथा श्रीफल फोड़कर किया गया।

खेल महोत्सव के सभी खेल विधाओं को सहायक प्राध्यापकः राम प्रकाश जोशी, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, अतिथि व्याख्याताः डॉ नोहर सिंह डहरिया, पुष्पा वर्मा, उमेश श्रीवास, लीमेश वर्मा, शुभम भारद्वाज, पूजा कंवर एवं कर्मचारीः प्रशांत शुक्ला, प्रीति टण्डन, अर्चना टण्डन, शशि जलक्षत्रि, लीलाधर एवं 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के स्वयंसेवकों के विशेष सहयोग से संपन्न कराया गया,

वार्षिक खेल महोत्सव में सभी खेल विधाओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, तथा समस्त छात्रों ने खेल महोत्सव का भरपूर आनंद लिया, अंत में प्राचार्य और क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों व छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए तथा खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए सबको शुभकामनाएं व प्रेरणा प्रदान किया।



### कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स से लेकर पाक-कला व रंगोली तक, प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन

खेल महोत्सव को महाविद्यालय के ही खेल मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें कबड्डी महिला वर्ग में मनीषा कनौजे एवं साथी प्रथम, शालिनी कुर्रे एवं साथी द्वितीय। कबड्डी पुरुष वर्ग में दुर्गेश एवं साथी प्रथम, राहुल पटेल एवं साथी द्वितीय। खो-खो महिला वर्ग में कुमकुम एवं साथी प्रथम, धनेश्वरी वर्मा एवं साथी द्वितीय।गोला फेंक महिला वर्ग में कंचन मनहरे प्रथम, सोनिया द्वितीय, कुसुम साहू तृतीय। गोला फेंक पुरुष वर्ग में दुर्गेश प्रथम, तोमेश्वर पटेल द्वितीय, राहुल पटेल तृतीय। भाला फेंक महिला वर्ग में सोनिया प्रथम, कंचन मनहरे द्वितीय, टिकेश्वरी तृतीय। भाला फेंक पुरुष वर्ग में मुकेश साहू प्रथम, हेमंत द्वितीय, दुर्गेश तृतीय। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में धनेश्वरी वर्मा प्रथम, कुमकुम द्वितीय, तरुणी तृतीय। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में दुर्गेश प्रथम, आदित्यनारायण द्वितीय, गुलशन जायसवाल तृतीय। 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में धनेश्वरी वर्मा प्रथम, कुमकुम द्वितीय, हनी साहू तृतीय। 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में दुर्गेश प्रथम, लोकेश चंद्राकर द्वितीय, खिलेश साहू तृतीय। वालीबॉल पुरुष वर्ग में युवराज साहू एवं साथी- प्रथम, चितेश्वर प्रसाद साहू एवं साथी द्वितीय। क्रिकेट पुरुष वर्ग में लकेश साहू एवं साथी प्रथम, महेंद्र हस्ती एवं साथी द्वितीय। बैडमिंटन महिला वर्ग में शालिनी कुर्रे प्रथम, मनीषा कोशले द्वितीय। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में मयंक प्रथम,मानसपूरी द्वितीय। कुर्सी दौड़ महिला वर्ग में काजल सिन्हा प्रथम, कुमकुम द्वितीय। कुर्सी दौड़ पुरुष वर्ग में खिलेश साहू प्रथम, मयंक द्वितीय। स्लो साइकिल रेस (महिला वर्ग) में कुसुम साहू प्रथम, कंचन मनहरे द्वितीय, शालिनी कुर्रे तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिल रेस पुरुष वर्ग में मयंक प्रथम, मानसपूरी द्वितीय, बृजमोहन तृतीय। कैरम में डुगेश्वरी प्रथम, योगिता देवागन द्वितीय। शतरंज में तरुणी प्रथम, चंद्रहास बांधे द्वितीय। पोस्टर प्रतियोगिता में मेनका साहू प्रथम, पुरुषोत्तम द्वितीय, देवा वर्मा तृतीय। रंगोली प्रतियोगिता में भूमिका निषाद प्रथम,भूमिका साहू,उर्वसी, काजल द्वितीय। मेहंदी प्रतियोगिता में अनीता निषाद प्रथम, खूशबू बंजारे द्वितीय, कुसुम साहू तृतीय ।पाक-कलाः सलाद वर्ग में कुमकुम प्रथम, शालिनी कुर्रे द्वितीय। मीठा व्यंजन वर्ग में लालिमा प्रथम, शालिनी कनौजे द्वितीय,दुर्गा वर्मा तृतीय। पारंपरिक व्यंजन वर्ग में उर्वशी, भूमिका साहू, काजल प्रथम, भूमिका निषाद द्वितीय, शालिनी कुर्रे तृतीय, तथा लड्डू व्यंजन में खुशबू बंजारे प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# जस गायन में मां काली की झांकी बनी आकर्षकण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम पंचायत हिरमी में जस बईहा झांकी परिवार द्वारा आयोजित एक दिवसीय जस गायन एवं भव्य झांकी महोत्सव संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जहां भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पिकेश मनसुख जायसवाल, लखन साहू, पूनऊ राम साहू एवं माखन साहू सहित अन्य वरिष्ठ जनों द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। अतिथियों का आगमन और आरती संध्या आरती और झांकी प्रदर्शन के अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहन वर्मा उपस्थित थे। उनके साथ ही कुथरौद जनपद सदस्य उमा अनंत, हिरमी सरपंच पुनऊ राम भारती, उपसरपंच प्रेमानंद जायसवाल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सविता हेमंत यादव, मोहरा सरपंच तारनी जवाहर वर्मा, सुहेला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भानु वर्मा, कुथरौद सरपंच तारण अनंत, और सकलोर सरपंच प्रतिनिधि वेदप्रकाश वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहन वर्मा ने कहा हिरमी में आयोजित यह जस झांकी कार्यक्रम हमारी समृद्ध सांस्कृतिक गरिमा को बढ़ाता है और युवाओं में नई ऊर्जा व उत्साह का संचार करता है। उमा अनंत ने कहा कि हिरमी के युवाओं द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन करना गौरव की बात है। माता काली की झांकी इस महोत्सव का मुख्य केंद्र पटपर राजनांदगांव की माता काली झांकी रही। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति और भव्यता ने वहां मौजूद सभी दर्शकों का मन मोह लिया। आभार एवं संचालन पूरे कार्यक्रम का सफल मंच संचालन धनसिंग ध्रुव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार एवं धन्यवाद प्रदर्शन पिकेश जायसवाल ने किया। इस दौरान ललित ध्रुव, पवन धीवर, केसव सिन्हा, शिव सेन, लीलाधर धीवर और चुन्नी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# संयुक्त वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के प्राथमिक शाला, नवीन प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक तथा प्राथमिक शाला नायकटांड़ के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी रहीं, जबकि अध्यक्षता सुरेश कुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों में बीआरसीसी देवेन्द्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य भरत देवांगन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चों को अपनी प्रतिभा से नगर व राज्य का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुवा, करमा, ददरिया, पंथी, राऊत नाचा तथा देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों ने सामाजिक संदेशों पर आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता का संदेश भी दिया। मोबाइल के दुष्परिणाम पर प्रस्तुति विशेष रूप से सराही गई। अंत में संस्था प्रमुख ने अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज की नवधा भक्ति कथा कल से

**बलौदाबाजार**। श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा रायपुर में विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज के मुखारविंद से 31 जनवरी और 1 फरवरी को दो दिवसीय नवधा भक्ति कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और साधकों के शामिल होने की उम्मीद है, जहां उन्हें भक्ति, साधना और प्रभु श्रीराम की शिक्षाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु, विद्वान तथा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में अयोध्या में



श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे कांची कामकोटि पीठ के आचार्य श्री जयेंद्र सरस्वती जी के शिष्य हैं और उन्होंने अपना जीवन श्रीमद्भागवत, रामायण और हनुमान कथा जैसे ग्रंथों के प्रचार-प्रसार में समर्पित किया है। उनकी शिक्षाएं श्रद्धा, धैर्य और निस्वार्थ सेवा पर आधारित हैं, जो समाज को धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर श्री सीमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी ने कहा कि स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज की कथा एक गहन आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती है और प्रभु श्रीराम की शिक्षाओं पर चलने का मार्गदर्शन देती है। इससे व्यक्ति अपने जीवन, संबंधों और सामाजिक दायित्वों में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। श्री सीमेंट लंबे समय से सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में सक्रिय योगदान देता आ रहा है।

# भाजपा जिला कार्यशाला की आवश्यक बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा जिला कार्यशाला की आवश्यक बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय बलौदाबाजार में क्षेत्रीय संगठन अजय जामवाल की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अमित साहू, संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने संगठन ने अपेक्षित लोगों की बैठक ली। बैठक का संचालन महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने एवं आभारमहामंत्री विजय यादव ने किया। बैठक में श्री सोनी ने कहा कि संगठन मजबूत होने से ही पार्टी चलती हैं तथा संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ को बताया की प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई विकास योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुचना चाहिए इस बात की चिंता प्रधान मंत्री मोदी द्वारा की गई है।




क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि पार्टी द्वारा हमें जो भी दायित्व मिलेगा उसको हम पूरा तन मन धन से करेंगे और अच्छे से अच्छा करने का प्रयास करेंगे और हम पार्टी के हित में ही कार्य करेंगे व विधायक सांसद बनने के लिए नेता पैदा करना नहीं बल्कि पार्टी को ऊंचाई तक पहुचना ही हमारा लक्ष्य है यह देश फिर से सोने की चिड़िया बनाने के लिए हमे कार्य करना है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से सभी अपेक्षित श्रेणी, प्रदेश पदाधिकारी भाजपा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, जिला भाजपा पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री के सदस्यों सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नन्हें सितारों ने बिखेरी चमक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसानाला

ग्राम पंचायत रोहिना दिशा पब्लिक स्कूल में इस वर्ष भी स्टार टोडलर कार्यक्रम हुआ। अतिथि सुभाष जालान, रेवती चन्द्र, ईश्वर लहरे, गौरी शंकर सीएससी, श्रमजीवी पत्रकार संघ भटगाँव केपी पटेल, रूपनारायण ठाकुर, सुरेश, रघु गनपत बंजारे, सुदर्शन मानिकपुरी प्राचार्य, मोहन साहू अध्यक्ष पालक समिति, दुर्गेश साहू स्कूल प्रबंधक थे । स्टार टोडलर फंक्शन में करीब 40 से 50 प्रतिभागी स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन समारोह में स्कूल प्रबंधन की ओर से उपस्थित अतिथियों का मोमेंटो देकर प्राचार्य और मैनेजमेंट डायरेक्टर ने सम्मानित किया। स्टार टोडलर फंशन में अंचल के जनप्रतिनिधि और गणमान्य सहित स्कूल स्टाफ स्कूल स्टाफ शिक्षक-शिक्षिकाओं में मनोज टंडन, खुशबू, वन्दना भारती कंचन वंदना साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

### // नाम परिवर्तन की सूचना //

मैं अजेश कुमार पिता श्री अजय कुमार, आयु 36 वर्ष, निवासी- मकान नं. 128, वार्ड नं. 06, नगर पालिका के पीछे, शक्ति वार्ड, भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.), का निवासी हूँ। मेरे 11 वर्षीय पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम आदर्श कुमार लहरे (AADARSH KUMAR LAHARE), दर्ज है जो कि, त्रुटिपूर्ण है। वास्तु के अनुसार मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आदर्श कुमार (AADARSH KUMAR) है जो कि, सत्य एवं सही है, इसलिए मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक / शासकीय / अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिग / आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में जहाँ भी उसका नाम- आदर्श कुमार लहरे (AADARSH KUMAR LAHARE), दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर आदर्श कुमार (AADARSH KUMAR), दर्ज कराना चाहता हूँ एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ। अतः आज दिनांक-30/01/2026 से मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक / शासकीय /अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिग / आधार कार्ड, दस्तावेज एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम आदर्श कुमार (AADARSH KUMAR), की प्रविष्टी करते हुए मेरे पुत्र को अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

स्थान- बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
दिनांक- /01/2026 भवदीय
अजेश कुमार

### // नाम परिवर्तन की सूचना //

मैं अजेश कुमार पिता श्री अजय कुमार आयु 36 वर्ष, निवासी- मकान नं. 128, वार्ड नं. 06, नगर पालिका के पीछे, शक्ति वार्ड, भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.), का निवासी हूँ। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड, पैनकार्ड, मतदाता सूची, ड्रायविंग लायसेंस एवं कक्षा 10वीं व 12वीं की मार्कशीट में मेरा नाम- अजेश कुमार लहरे (AJESH KUMAR LAHARE), दर्ज है जो कि, त्रुटिपूर्ण है। मेरे कक्षा 8वीं की मार्कशीट में मेरा नाम अजेश कुमार (AJESH KUMAR), दर्ज है जो कि, सत्य एवं सही है। अपने नाम में एकरूपता लाने हेतु अब मैं अपना नाम अजेश कुमार (AJESH KUMAR), रखना चाहता हूँ जिसके चलते मेरे समस्त शैक्षणिक / शासकीय / अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिग / आधार कार्ड, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य समस्त दस्तावेजों में जहाँ भी मेरा नाम अजेश कुमार लहरे (AJESH KUMAR LAHARE), दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर अजेश कुमार (AJESH KUMAR), दर्ज कराना चाहता हूँ एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ। अतः आज दिनाँक 30/01/2026 से मेरे समस्त शैक्षणिक / शासकीय / अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिग / आधार कार्ड, दस्तावेज एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम अजेश कुमार (AJESH KUMAR), की प्रविष्टी करते हुए मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

स्थान- बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
दिनांक- /01/2026 भवदीय
अजेश कुमार

### // नाम परिवर्तन की सूचना //

मैं अजेश कुमार पिता श्री अजय कुमार, आयु 36 वर्ष, निवासी- मकान नं. 128. वार्ड नं. 06, नगर पालिका के पीछे, शक्ति वार्ड, भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.), का निवासी हूँ। मेरे 08 वर्षीय पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में उसका नाम एलीना लहरे (ELEENA LAHARE), दर्ज है जो कि, त्रुटिपूर्ण है। वास्तु के अनुसार मेरी पुत्री का वास्तविक नाम- एलीना कुमार (ELEENA KUMAR) है, जिसके चलते मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक/शासकीय / अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिग / आधार कार्ड/ जन्म प्रमाण पत्र/ शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में जहाँ भी उसका नाम एलीना लहरे (ELEENA LAHARE), दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर एलीना कुमार (ELEENA KUMAR) दर्ज कराना चाहता हूँ एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ। अतः आज दिनॉक-30/01/2026 से मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक / शासकीय / अर्द्धशासकीय /अशासकीय / बैंकिग / आधार कार्ड, दस्तावेज एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम- एलीना कुमार (ELEENA KUMAR), की प्रविष्टी करते हुए मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

स्थान- बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
दिनांक- /01/2026 भवदीय
अजेश कुमार

### // नाम परिवर्तन की सूचना //

मैं श्रीमती प्रभाषिनी कुमार पति श्री अजेश कुमार, आयु 33 वर्ष निवासी मकान नं. 128, वार्ड नं. 06. नगर पालिका के पीछे, शक्ति वार्ड, भाटापारा जिला- बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.), का निवासी हूँ। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड पैनकार्ड एवं मतदाता सूची दस्तावेजों में मेरा नाम प्रभाषिनी लहरे (PRABHASHINI LAHARE), दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरा वास्तविक नाम प्रभाषिनी कुमार (PRABHASHINI KUMAR), दर्ज है जो कि, सत्य एवं सही है। अपने नाम में एकरूपत्ता लाने हेतु अब मैं अपना नाम प्रभाषिनी कुमार (PRABHASHINI KUMAR) रखना चाहती हूँ जिसके चलते मेरे समस्त शैक्षणिक / शासकीय /अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिग / आधार कार्ड, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य समस्त दस्तावेजों में जहाँ भी मेरा नाम प्रभाषिनी लहरे (PRABHASHINI LAHARE), दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर प्रभाषिनी कुमार (PRABHASHINI KUMAR), दर्ज कराना चाहती हूँ एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ।। अतः आज दिनाँक-30/01/2026 से मेरे समस्त शैक्षणिक / शासकीय / अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिग / आधार कार्ड, दस्तावेज एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम प्रभाषिनी कुमार (PRABHASHINI KUMAR) की प्रविष्टी करते हुए मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

स्थान- बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
दिनांक- /01/2026 भवदीय
श्रीमती प्रभाषिनी कुमार








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
30 जनवरी 2026
SHOW TIME
बार्डर – 2
शो समय - 12:00, 3:00, 6:45, 9:00 PM
मदनी – 3
शो समय - 03:45, 06:15 PM
कब होगी मिलन (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# हम होंगे कामयाब अंतर्गत युवाओं के लिए निःशुल्क सिविल सेवा कोचिंग की सुविधा

## युवाओं का करियर संवारने जिला प्रशासन की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी पहल हम होंगे कामयाब अंतर्गत जिले के प्रतिभाशाली एवं मेधावी युवाओं का चयन भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इस पहल के अंतर्गत 40 युवाओं का चयन उड़ान आईएएस एकेडमी रायपुर के लिये हुआ है, जहां युवाओं को निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाएगी। चयनित युवाओं का गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित भी किया गया।



### 40 युवाओं का अंतिम चयन किया

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 नवंबर से 23 नवंबर 2025 तक क्यूआर-आधारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण की सुविधा दी गई थी। निर्धारित अवधि में जिले के 600 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक पंजीकरण कराया जो इस पहल की व्यापक स्वीकार्यता को दर्शाता है। प्राप्त आवेदनों में से पात्रता एवं वरीयता के आधार पर शीर्ष 200 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। इसके पश्चात 12 दिसंबर को जिला ऑडिटोरियम में चयनित अभ्यर्थियों के लिए मूल्यांकन का आयोजन किया गया, जिसमें 200 में से 150 युवाओं ने सहभागिता की। मूल्यांकन उपरांत उड़ान आईएएस अकादमी, रायपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 40 युवाओं का अंतिम चयन किया। यह पहल न केवल युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करती है, बल्कि जिले में शैक्षणिक उत्कृष्टता समान अवसर तथा प्रशासनिक नेतृत्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

चयनित युवाओं में जनक राम, डिगेश्वरी साहू, पुरूषोत्तम देवांगन, रूपेश घृतलहरे, यामिनी पटेल, रमा वर्मा, चन्द्रशेखर बंजारे, रोशनी टंडन, महेंद्र मनहरे, एसकुमारी, अंजू वर्मा, प्रेक्षा साहू, निखिल, नंदनी, खिलेन्द्र कुमार वर्मा, किरण कैवर्त्य, आर्यन कुमार, पूजा, पिकेश ध्रुव, लोकेश्वर प्रसाद, कुलदीप, दीपांजलि सिन्हा, खिलेश ध्रुव, तरूण सिंह कुंजाम, उमा वर्मा, विद्या साहू, अंजू रात्रे, देव वर्मा, संजना, रीतू, रंजीत कुमार, पितेश्वरी साहू, प्रियंका भारती, कल्पना कैवर्त्य, चांद, हरि शंकर ध्रुव, कुंभज कुमार साहू, अंकित अवस्थी, गुलशन पटेल, उषा यादव शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### टोनाटार सहित अंचल में गणतंत्र दिवस मनाया गया

**अर्जुनी।** टोनाटार सहित मिरगी, टोपा, गोढ़ी, अमलीडीह, खम्हरिया, पुरेना, नवागांव, धवई, भद्रापाली व खैरताल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत टोनाटार में शासकीय विद्यालयों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विष्णु कोसले ने संविधान के मूल्यों को अपनाने का संदेश देते हुए कक्षा दसवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र को पांच हजार रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बगबुडा में अखंड नवधा रामायण की गूंज



बगबुडा। ग्राम बगबुडा के महामाया चौक में श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। शुक्रवार शाम 5 बजे से लवन के सुप्रसिद्ध पुरोहित रामकुमार पांडे द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भगवान श्री राम के गुणगान की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्राम समिति पूरी श्रद्धा के साथ जुटी हुई है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक थनवार वर्मा, अध्यक्ष लक्ष्मण वर्मा, सचिव पारस वर्मा, सह सचिव नर्सिंग वर्मा और कोषाध्यक्ष उमेश वर्मा के साथ पांच उपाध्यक्षों की टीम व्यवस्था संभाल रही है। धार्मिक अनुष्ठानों को पंडा भगत वर्मा, लालजी वर्मा और परसराम वर्मा संपन्न करा रहे हैं। समारोह के सफल संचालन हेतु दानदाताओं ने भी अपनी श्रद्धा प्रकट की है। जिसमें पवन साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, 15,001 रुपये, गणेश वर्मा मेडिकल 10,001 रुपये, समस्त सहयोगियों द्वारा क्रमशः 9001 और 8001 रुपये।स्व. सगुर ध्रुव की स्मृति में - 6001 रुपये। इसके अलावा गीता वर्मा, राजू सिंघम (लवन), शिव फैंसी स्टोर, काबिया ऑटो सेंटर, गोलू साहू, करण वर्मा और अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया है। समिति ने निर्णय लिया है कि समारोह में पधारने वाली प्रत्येक रामायण मंडली को उनकी सुंदर प्रस्तुति और भक्ति भाव के लिए 301 रुपये श्रद्धासुमन राशि एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## आईटी आधारित वन प्रबंधन तथा वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर दी जानकारी

# प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों को मिला डीजीपीएस सर्वे और वन्यजीव प्रबंधन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षु अधिकारियों को आधुनिक तकनीकों, आईटी आधारित वन प्रबंधन तथा वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण से भावी वन अधिकारियों ने क्षेत्रीय स्तर पर उपयोग में आने वाली तकनीक एवं प्रबंधन प्रक्रियाओं से व्यावहारिक रूप से परिचित हुए।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्रीय निदेशक सुश्री स्तोविषा समझदार ने डीज़ीपीएस की कार्यप्रणाली, उसकी उपयोगिता तथा वन सर्वेक्षण, सीमांकन एवं प्रबंधन में इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीजीपीएस आधारित सर्वेक्षण से वन क्षेत्रों में सटीक डेटा संग्रह संभव होता है, जो दीर्घकालिक संरक्षण योजनाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसी क्रम में उप-निदेशक, उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व वरुण जैन ने गज संकेत मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एप हाथी मॉनिटरिंग, मूवमेंट ट्रैकिंग, मानव–हाथी संघर्ष प्रबंधन तथा त्वरित सूचना साझा करने में एक प्रभावी डिजिटल टूल के रूप में कार्य करता है। प्रशिक्षु अधिकारियों को एप के फील्ड उपयोग, डेटा एंट्री एवं प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया गया।

इस प्रशिक्षण के समापन पर वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि इस प्रकार के तकनीकी एवं फील्ड आधारित प्रशिक्षण भावी वन अधिकारियों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल टूल्स एवं वैज्ञानिक प्रबंधन पद्धतियों के माध्यम से वन एवं वन्यजीव संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है तथा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों को जमीनी स्तर पर बेहतर निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होंगे।

अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बारनवापारा अभयारण्य की भौगोलिक, पारिस्थितिक एवं संरक्षण संबंधी विशेषताओं की जानकारी दी। इसके साथ ही अधिकारियों को अभयारण्य में संचालित वनभैंसा संरक्षण केंद्र, ब्लैकबक रिलोकेशन एवं संरक्षण केंद्र, ग्रासलैंड विकास क्षेत्रों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराया जिससे उन्हें संरक्षण कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला।

### पेंशन और वेतन निर्धारण शिविर में हुआ समस्याओं का समाधान



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव पर संभागीय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा पेंशन एवं वेतन निर्धारण सम्बधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए कैम्प का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी सहित संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन के सहायक संचालक दयाशंकर देवांगन, सहायक आतंरिक लेखा परीक्षण अधिकारी संदीप साहू एवं रामाधार साहू उपस्थित थे।

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि यह महत्वपूर्ण शिविर है जिसके माध्यम से विभागों में अधिकारी कर्मचारियों के वेतन निर्धारण एवं पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जा सकता है। कई आपत्तियों का निराकरण नहीं होने से कर्मचारियों का पेंशन एवं वेतन निर्धारण लंबित रहता है। शिविर में दी जा रही जानकारियों को गंभीरतापूर्वक लें और निराकरण कराएं।

जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा ने बताया कि शिविर में वेतन निर्धारण के कुल 112 एवं पेंशन के 13 प्रकरणों का निराकरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी सहित लेखा अधिकारी शामिल हुए।

# परसाडीह प्राथमिक शाला में वार्षिकोत्सव की धूम बच्चों ने बिखेरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी

ग्राम परसाडीह के प्राथमिक शाला में वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ के अनमोल धरोहर एवं संस्कृति पर प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन, भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं अंबुजा विद्यापीठ के प्राचार्य संजय पांडे, सरपंच रामेश्वर लहरी उपस्थित थे। अंबुजा विद्यापीठ के प्राचार्य संजय पांडे द्वारा बच्चों एवं ग्रामीणों के समक्ष जीवन में आत्मसात करने वाली प्रेरणादायक कहानी बतायी। भाटापारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा शाला परिसर में पौधों पर हुए शैक्षणिक गतिविधियों एवं कलाकारी को देखकर तथा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सोशल मीडिया में प्रसारित की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन द्वारा स्कूल की सुंदरता एवं शैक्षणिक गतिविधि तथा स्वच्छता पर प्रशंसा की विद्यालय परिवार की मांग पर विद्यालय के लिए आहता निर्माण के लिए जिलाधीश को तत्काल अवगत कराकर आहता निर्माण करवाने के लिए आश्वासन दिया।

### प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया

जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा द्वारा विद्यालय में अध्ययन बच्चों एवं विद्यालय के सुविधा दाता शिक्षकों को किसी भी परेशानी से जूझने से पहले समाधान निकालने की बात कही गई। सभी अतिथियों को विद्यालय परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। विद्यालय के शिक्षक दयाशंकर सोनी, शिक्षिका तनु ध्रुव एवं मधु साहू को उपसरपंच रोशन साहू द्वारा सम्मान किया गया। प्रधान पाठक दौलत कुंजाम को ग्रामवासियों ने शाला के सफल संचालन के लिए शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। ग्राम के तामेश्वर ध्रुव द्वारा प्रधान पाठक दौलत कुंजाम का स्वनिर्मित छायाचित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम के बैसाखूराम ध्रुव, राम प्रसाद ध्रुव, नितेंद्र कुमार ध्रुव, ममता ध्रुव, गोविंद कुमार ध्रुव, गजेंद्र कतलम, मोहिनी ध्रुव, हीरा बाई ध्रुव, संगीता ध्रुव, समय लाल ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

## वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बिलाईगढ़।** समीपस्थ ग्राम सुतीरकुली कारीपाठ स्थित लक्ष्य गुरुकुल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर सांस्कृतिक रंगों और विद्यार्थियों की प्रतिभा से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच चन्द्रवती अमृत लाल साहू उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि मनोज बाई खूंटे पूर्व सरपंच, यशपाल यादव कोच, राजकुमार जांगड़े, अपुर बंजारे जिलाध्यक्ष, भीम आर्मी, दिलेश कुमार साहू नेशनल खिलाड़ी, महेश्वर बंजारे, हरिशंकर संस्था प्रमुख प्रहलाद कैवर्त ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत सहित देशभक्ति गीतों, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य एवं लोकगीत जैसे करमा, ददरिया, सुआ, ज्वारा गीत एवं पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज सुनाई दी। विद्यालय द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।



## कर्मा, ददरिया, पंथी सुआ नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

**बिलाईगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में वार्षिकोत्सव मुख्य अतिथि सुशीला गेसराम सहित सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुला, अध्यक्षता हरेंद्र कुमार शांडिल्य संस्था प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि सहदेव साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, रामकुमार पंकज, शंकर लाल पटेल, अति विशिष्ट अतिथि बाबूदयाल डडसेना, चंद्रशेखर साहू, घासीराम डडसेना, धरम लाल साहू, छेदूलाल विश्वकर्मा, गंगोत्री बाई डडसेना की आतिथ्य एवं वरिष्ठ व्याख्याता रामसहाय डडसेना थे। कार्यक्रम में देश भक्ति गीत, कविता, भाषण तथा छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति पर आधारित कर्मा, ददरिया, पंथी सुआ, राऊत नाचा, नाटक की प्रस्तुति ने छात्र छात्राओं एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षा सत्र 2022-23 लोकेश सोनी कक्षा 8 वीं में 94 प्रतिशत से उत्तीर्ण होने पर सम्मानित, 2024-25 में ममता सोनवानी कक्षा 12 वीं कला ने 91 प्रतिशत प्राप्त करने पर कैरियर गाइडेंस जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा मोमेंटो एवं 5000 रु की चेक प्रदान किए व पूनमचंद केंवट कक्षा 10 वीं ने 94.8 प्रतिशत प्राप्त करने पर विद्यालय द्वारा दोनों प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान 2026 मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र व सम्मान राशि प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित किए। मंच संचालन श्यामलाल नवरत्न व्याख्याता द्वारा किया गया। प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

# कॉलेज में क्रीड़ा उत्सव : बीकॉम की टीम विजयी हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा




स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा उत्सव 2025-26 का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे ने किया। प्राचार्य एवं मंचस्थ प्राध्यापकों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। क्रीड़ा प्रभारी चुलेश्वर साहू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। क्रीड़ा स्पर्धा में सम्मिलित खेलों, प्रतिभागियों पर प्रकाश डालते हुए खेलों की उपादेयता को रेखांकित किया और समस्त अतिथियों, विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। महाविद्यालय के वालीबॉल पुरुष टीम एवं एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला टीम द्वारा सेक्टर स्तर पर इस वर्ष पहली बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराने हेतु बधाई दी गई और आगे अपनी लगन तथा मेहनत से जीत में तब्दील करने प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी समर्पित होकर खेल खेलें। खेलों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल से न सिर्फ हमारा शारीरिक विकास होता है, अपितु मानसिक एवं सामाजिक भी होता है। इससे अनुशासन, समय बद्धता, सामूहिकता, खेल भावना का विकास होता है। कदम दर कदम आप आगे बढ़ते रहें और इस दिशा में अपना नाम रोशन करें। पुरुष व्हालीबॉल टीम से स्पर्धा का आगाज हुआ, जिसमें बीकॉम की टीम विजयी हुई और बी ए की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
निःशुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina
Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
- गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
- संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411